# महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का अग्रवाल महाविद्यालय में हुआ समापन

By **Poonam Sagar** - December 5, 2022

49 0




**बल्लबगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)**। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में 3-5 दिसंबर को हुआ। 5 दिसंबर, 2022 को इस प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुभाष शर्मा, जुडो कोच, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कमल टंडन (अंग्रेजी विभागाध्यक्षा) उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता के कंपाउंड राउंड के छात्र वर्ग में कुशल दलाल (सी० डी० जे० एम० कॉलेज, बुटाना) ने प्रथम, मोहित (ए० आई० जे० एच० एम० कॉलेज, रोहतक) ने द्वितीय तथा पुलकित कजला (साउथ पॉइंट कॉलेज, सोनीपत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में नीतू मलिक (एम० के० जे० के० कॉलेज, रोहतक) ने प्रथम, मुस्कान सैनी (अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) ने द्वितीय तथा शिवानी देशवाल (एम० के० जे० के० कॉलेज, रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाडियों को हार जीत से ऊपर उठकर खेल को खेल की भावना से खेलने और स्वर्णिम भविष्य की कामना दी। इस अवसर पर संयोजक (खेल समीति) डॉ.के.एल.कौशिक ने बताया कि खेल ही शारीरिक शक्ति का विपुल भण्डार है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में आशा, स्फूर्ति एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है।

इस इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 खिलाडियों ने हिस्सा लिया जिसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराइ गई। खिलाडियों को उत्साहित करने में महाविद्यालय के डी०पी० नन्द किशोर, डॉ० जगवीर सिंह, मोहित हुड्डा का सराहनीय योगदान रहता है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्तागण रविन्द्र जैन, डॉ० मनोज शुक्ला, डॉ० नरेश कामरा, डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० रामचंद्र मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।